24 मई 2013

जिला प्रशासन का गांव दयौरा (खण्ड कैथल) में रात्रि ठहराव कार्यक्रम।

उपलब्धियां

1 इंदिरा प्रिय दर्शिनी विवाह शगुन योजना के तहत 16 लाभार्थियों को 3 लाख 79 हजार रूपए उनके खातों में हस्तांतरित किए गए।

2. उपमंडलाधीश कार्यालय द्वारा 160 लर्नर ड्राइविंग लाईसैंस बनाए गए।

3. खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 22 डुप्लीकेट राशन कार्ड जारी किए गए।

4. जिला प्रशासन के जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव के 601 पानी के कनैक्शन नियमित किए गए।

5. विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा 126 व्यक्तियों को कानूनी जानकारी दी गई।

6. जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा लर्नर ड्राईविंग लाइसैंस के लिए 160 व्यक्तियों का मैडिकल चैक अप किया गया।

7. पशुपालन विभाग द्वारा 368 पशुओं का उपचार किया गया।

8. निर्वाचन कार्यालय द्वारा 247 नए वोट बनाए गए।

9. जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा 14 वृद्धावस्था सम्मान भत्ता पैंशन फार्म स्वीकृत किए गए।

10. चीका स्थित गुरू गोबिंद सिंह राजकीय बहुतकनीकी संस्थान तथा कैथल स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा 100 बच्चों को तकनीकी शिक्षा व करियर काउंसलिंग की जानकारी दी।

11. स्वास्थय विभाग द्वारा दिनभर लगाए गए स्वास्थय शिविर में तैनात चिकित्सों द्वारा 544 लोगों का उपचार किया गया।

13. श्री ओमप्रकाश जिंदल ग्रामीण जन कल्याण संस्थान द्वारा बेसहारा लड़की सोनिया को 1100 रूपये प्रतिमाह वजीफा तथा बीपीएल परिवार की बेटी सीमा को साईकिल देने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त तीन अशक्त व्यक्तियों को तीपहिया साईकिल दी गई।

14. दयौरा में अढाई एकड़ में मरनेगा स्कीम के तहत 40 लाख रूपए की लागत से पार्क विकसित करने की घोषणा की गई तथा गांव में थ्री पौंड़ सिस्टम लागू करने की घोषणा की।

15. जिला रैड़क्रास सोसायटी द्वारा रक्तदान शिविर में 44 यूनिट रक्त एकत्रित किया तथा 210 व्यक्तियों को नशा छोड़ने की सलाह दी।

16. जर्जर पशु अस्पताल की मुरम्मत करवाने तथा ढीली तारों को खुराना के नए फीडर से जोड़ने की घोषणा की गई।

17. 40 परिवारों को अनुदान पर अनाज भंड़ारण के लिए पांच व 10 क्विंटल की मैटलिकबिनस के परमिट जारी किए।

18. बिजली विभाग द्वारा 27 कनैक्शन स्वीकृत किए गए तथा 1 जून से रात्रि बिजली शिकायत निवारण केंद्र शुरू किया जाएगा।

19. तहसील कार्यालय द्वारा 22 डोमीसाईल जारी किए गए।